Bareilly, Saturday
31 August 2024
BAREILLY EDITION
Price ₹ 5.00
Pages 12

दैनिक जागरण inext

'नई पीढ़ी का गणित से दूर भागना चिंताजनक'

अमेरिका, फ्रांस, रूस समेत कई देशों के विशेषज्ञों ने ऑनलाइन शामिल होकर दिया व्याख्यान

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (30 Aug): एसआरएमएस में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में गणित और इसके अनुप्रयोग विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की शुरूआत हुई. पहले दिन तामम गणितज्ञ आनलाइन और आफलाइन दोनों तरीके से शामिल हुए. टेक्निकल सेशन में 51 शोध पत्र भी प्रस्तुत किए गए. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थाईलैंड की थम्मासैट यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर वुतिफोल सिन्दुनावरत रहीं. उद्घाटन सत्र में ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति ने नई पीढ़ी का गणित से दूर भागने पर चिंता जताई.

शोध को जानने का मौका

मुख्य अतिथि ने कहा कि जीवन को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए टेक्नोलाजी महत्वपूर्ण है, लेकिन टेक्नोलाजी का होना भी सिर्फ गणित पर ही निर्भर करता है. पंजाब केंद्रीय विवि, बठिंडा के कुलपति प्रोफेसर राघवेंद्र तिवारी वर्चुअल रूप में शामिल हुए. उन्होंने दैनिक और सार्वजनिक जीवन में गणित के योगदान को महत्वपूर्ण बताया. कहा कि पहली कक्षा से शुरू होने वाला गणित का साथ जीवन भर चलता है. पांडिचेरी विवि के कुलपति प्रोफेसर के. थारानिकरसुप्रो भी वर्चुअल रूप से शामिल हुए. उन्होंने गणित को मदर आफ साइंस बताया. कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में गणित और इसके अनुप्रयोग पर हो रहे शोध को जानने का सम्मेलन ने बड़ा मौका दिया है. वहीं, इससे पहले एसआरएमएस के प्राचार्य व कान्फ्रेंस के डायरेक्टर प्रोफेसर प्रभाकर गुप्ता ने गणित को इंजीनियरिंग की आत्मा बताते हुए सभी का स्वागत किया.

ये रहे मौजूद

सम्मेलन के संयोजक डा. कमलेंद्र कुमार ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी. इस मौके पर उद्घाटन सत्र में हिमाचल विश्वविद्यालय की डा. शालिनी गुप्ता, ट्रस्ट एडवाइजर इंजीनियर सुभाष मेहरा, एसआरएमएस सीइटीआर के प्रिंसिपल डा. एलएस मौर्य, एसआरएमएस मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल एयर मार्शल (डा.) एमएस बुटोला आदि मौजूद रहे.